Title : Regarding need to attach a Pantry Car, besides second and third A.C. bogies in Devgiri Express running between Mumbai and Secunderabad.

(xiv) Need to attach a Pantry Car, besides second and third A.C. bogies in Devgiri Express running between Mumbai and Secunderabad.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, मुम्बई से निजामाबाद के बची देवगिरी एक्सप्रेस रेल सेवा चलती थी। बड़ी लाइन होने के बाद यह रेल सेवा मुम्बई से सिकन्दराबाद चल रही है, जिसके कारण इसमें अधिसंख्या यात्री अब यात्रा करने लगे हैं। परन्तु, इस रेल सेवा में अभी तक पेन्ट्री कार सेकेण्ड एवं थर्ड ए.सी. के कोच नहीं है, जिसके कारण लम्बे सफर करने वाले लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। अगर इस रेल सेवा में पेन्ट्री कार, सैकिन्ड ए.सी, थर्ड ए.सी के कोच लगा दिया जाये तो लोगों को सुविधा मिलेगी और साथ ही साथ रेलवे को अतिरिक्त आय भी होगी।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि देवगिरी एक्सप्रेस रेल सेवा में पेन्ट्री कार, सैकिन्ड ए.सी एवं थर्ड ए.सी. लगवाने हेतु संबंधित अधिकारी को निदेशित किया जाये।